स्नातकोत्तर प्रवेश सम्बन्धी सूचनाएँ सत्र 2026–27
(Information Regarding Post Graduate Entrance Examination)

स्नातकोत्तर कक्षा में प्रवेश हेतु नियमावली:

पात्रता: (Eligibility):

1. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, नई दिल्ली द्वारा जारी अधिसूचना दिनांक 26 मार्च–2025 के अनुपालन में यदि विद्यार्थी स्नातकोत्तर कक्षा के किसी विषय में प्रवेश लेना चाहता हो, किन्तु स्नातक स्तर पर मुख्य (Major) अथवा गौण (Minor) विषय न पढ़ा हो। ऐसे विद्यार्थी उस विषय से सम्बन्धित जानकारी रखता हो तो स्नातकोत्तर कक्षा में प्रवेश पाने के लिए पात्र होगा।
2. स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा वे छात्र भी दे सकते हैं जो स्नातक अंतिम वर्ष की परीक्षा में सम्मिलित हुए हैं परन्तु प्रवेश के समय परीक्षा परिणाम घोषित होना अनिवार्य होगा तथा स्नातक स्तर के सभी वर्षो/ सेमेस्टरों स्नातकोत्तर का मूलअंक पत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा।
3. स्नातकोत्तर (गणित) में प्रवेश हेतु स्नातक कला वर्ग के ऐसे छात्र भी अर्ह होंगे जिन्होंने अन्तिम वर्ष में गणित विषय का अध्ययन किया है। इसी प्रकार स्नातकोत्तर सांख्यिकी में प्रवेश हेतु स्नातक कला वर्ग के ऐसे छात्र भी अर्ह होंगे जिन्होंने अन्तिम वर्ष में सांख्यिकी विषय का अध्ययन किया है।
4. यदि अभ्यर्थी गतवर्ष में प्रवेश परीक्षा के माध्यम से स्नातकोत्तर कक्षाओं में प्रवेश ले चुका है और अनुत्तीर्ण हुआ है या कम उपस्थिति के कारण परीक्षा में बैठने से रोका गया है अथवा उसके विरूद्ध महाविद्यालय द्वारा अनुशासनात्मक कार्रवाई की गई है, वे प्रवेश परीक्षा में बैठने के लिये अर्ह नहीं होंगे।

स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा योजना: (Post Graduate Entrance Examination Plan):

1. यदि अभ्यर्थी स्नातक स्तर पर मुख्य (Major) अथवा गौण (Minor) विषय के रूप में उसे न पढ़ा हो, ऐसे विद्यार्थी उस विषय की जानकारी रखता हो तथा सम्बन्धित सम्बन्धित विषय में स्नातकोत्तर प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण किया वे प्रवेश हेतु पात्र होगें।
2. प्रवेश परीक्षा के प्रत्येक विषय के प्रश्नपत्र में 100 वस्तुनिष्ठ बहुविकल्पीय प्रश्न होंगे। प्रत्येक प्रश्न एक अंक का होगा तथा परीक्षा अवधि दो घण्टे की होगी।
3. सभी प्रश्न अनिवार्य होंगे तथा प्रश्न पत्र हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषाओं में होंगे (भाषा को छोड़कर)। वनस्पति विज्ञान, जन्तु विज्ञान, रसायन शास्त्र, गणित, सांख्यिकी एवं भौतिकी के प्रश्न केवल अंग्रेजी भाषा में होंगे।
4. आवेदन पत्रों की संख्या निर्धारित प्रवेश स्थानों के दो गुने से कम होने पर उस विषय में प्रवेश परीक्षा का आयोजन नही किया जायेगा तथा प्रवेश परीक्षा शुल्क भी वापस नहीं होगा। ऐसी दशा में विभागाध्यक्ष/ संकायाध्यक्ष अर्हकारी परीक्षा के आधार पर योग्यताक्रम के अन्य सभी नियमों का अनुपालन करते हुए प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों का चयन करेंगे।

नोट: स्नातकोत्तर स्तर पर सभी विषयों में सेमेस्टर पद्धति लागू है।

स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु उपलब्ध सीटों की संख्या एवं विषय कोड

क्र0सं0	पाठ्यक्रम का नाम	स्वीकृत सीटों की संख्या + गरीब सवर्ण(10%)	विषय कोड
1	एम.ए. –हिन्दी	60 + 06 = 66	11
2	एम.ए. –अर्थशास्त्र	60 + 06 = 66	12
3	एम.ए. –भूगोल	30 + 03 = 33	13
4	एम.ए. –समाजशास्त्र	60 + 06 = 66	14
5	एम.ए. –प्राचीन इतिहास	60 + 06 = 66	15
6	एम.ए. –राजनीति शास्त्र	60 + 06 = 66	16
7	एम.ए. / एम.एस–सी.–मनोविज्ञान	30 + 03 = 33	17
8	एम.ए. / एम.एस–सी.–रक्षा एवं स्त्रातजिक अध्ययन	30 + 03 = 33	18
9	एम0काम0	60 + 06 = 66	21
10	एम.ए. / एम.एस–सी.–गणित	60 + 06 = 66	31
11	एम.ए. / एम.एस–सी.–सांख्यिकी	30 + 03 = 33	32
12	एम.एस–सी.– रसायन विज्ञान	30 + 03 = 33	33
13	एम.एस–सी.– भौतिक विज्ञान	30 + 03 = 33	34
14	एम.एस–सी.– प्राणि विज्ञान	30 + 03 = 33	35
15	एम.एस–सी.– वनस्पति विज्ञान	30 + 03 = 33	36
16	एम.एस–सी. (उद्यान) सब्जी विज्ञान	15 + 02 = 17	41
17	एम.एस–सी. (कृषि) कृषि अर्थशास्त्र	15 + 02 = 17	41
18	एम.एस–सी. (कृषि) पशुपालन एवं दुग्ध विज्ञान	08 + 01 = 09	41
19	एम.एस–सी. (कृषि) मृदा विज्ञान	15 + 02 = 17	41

नोट :– रोजगार परक शिक्षा के तहत कालेज में PGDCA (पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन कम्प्यूटर अप्लिकेशन.) तथा PGDES (पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन इनवायरनमेन्ट साइंस) पाठ्यक्रम एक–एक वर्ष का संचालित है जिसमें स्नातक उत्तीर्ण छात्र / छात्राएं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के साथ इन डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं।